| |
|---|
| दिनांक 25.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 29/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## 68th All India Police Duty Meet 2024 में Computer Awareness (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में दो पुलिस कर्मियो को मिला स्वर्ण पदक

**श्री प्रशान्त कुमार** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के मार्गदर्शन में अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवाएँ के नेतृत्व में उ0प्र0 पुलिस की कम्प्यूटर टीम द्वारा दिनांक 10.02.2025 से 15.02.2025 तक रांची झारखण्ड में आयोजित 68th All India Police Duty Meet 2024 में Computer Awareness (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दो पुलिस कर्मियो को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 को अपर पुलिस महानिदेशक तकनीकी सेवाएँ द्वारा (Event-III Computer Programming) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट प्रतियेगिता का आयोजन विभिन्न प्रदेशों में होता है, जिसमें पुलिस वैज्ञानिक अनुसंधान, फोटोग्राफी, विडियोग्राफी, कम्प्यूटर अवेयरनेस एवं एण्टी सबोटॉजचेक आदि की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। उ0प्र0 पुलिस के श्री मज़हर इमाम, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी एवं श्री अर्पित गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी द्वारा उक्त प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हुए 02 स्वर्ण पदक प्राप्त किये गये एवं NCRB, दिल्ली में आयोजित Computer Awareness (Event-IV) में प्रतिभागी श्रीमती तरू माथुर, कम्प्यूटर प्रोग्रामर ग्रेड–2 एवं श्री अर्पित गुप्ता, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड–बी द्वारा आईटी प्रोजेक्ट के रुप में Predictive and Proactive Policing Using Crime Analytics Portal को प्रस्तुत किया गया।

उक्त कार्मियो द्वारा उच्च कोटि के प्रशिक्षण मेहनत, लगन के परिणाम स्वरुप राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त किये गये स्वर्ण पदक से उत्तर प्रदेश पुलिस एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया गया।




उत्तर प्रदेश पुलिस

| |
|---|
| दिनांक 25.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 30/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद कौशाम्बी/थाना संदीपनघाट**

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 04 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.02.2025 को थाना संदीपनघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मलाक मोहिउद्दीनपुर के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—अखिलेख उर्फ तुम्बा सहित अभियुक्त 2—रचित कुमार 3—अमित उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 04 मोबाइल फोन, चोरी की 02 मोटर साइकिल आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश उर्फ तुम्बा थाना पिपरी जनपद कौशाम्बी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त अखिलेश उर्फ तुम्बा के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों पर धोखाधडी, चोरी आदि के 09 अभियोग, अभियुक्त रचित कुमार के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों पर हत्या, चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग, अभियुक्त अमित उर्फ छोटू के विरूद्ध जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों पर चोरी, हत्या का प्रयास, अपहरण, आर्म्स एक्ट आदि के 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—अखिलेख उर्फ तुम्बा निवासी ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी।

2–रचित कुमार निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी हाल पता ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी।

3–अमित उर्फ छोटू निवासी अर्का फतेहपुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी हाल पता ग्राम मितवापुर थाना संदीपनघाट जनपद कौशाम्बी।

**बरामदगी**

1–चोरी की 04 मोबाइल फोन।

2–चोरी की 02 मोटर साइकिल आदि।

## जनपद शाहजहॉपुर/थाना रामचन्द्र मिशन

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोबाइल फोन, डीएल, नगद रूपये आदि बरामद**

दिनांक 25.02.2025 को थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर हरदोई मोड़ से बरेली की ओर जाने वाली सर्विस लेन के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अनिल कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोबाइल फोन, डीएल, नगद रूपये आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना रामचन्द्र मिशन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद शाहजहॉपुर, औरैया, कानपुर देहात, बांदा, इटावा व जालौन के विभिन्न थानों पर चोरी लूट, आर्म्स एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना रामचन्द्र मिशन पुलिस टीम द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– अनिल कुमार निवासी चकरपुर थाना विधूना जनपद औरैया।

**बरामदगी**

1– 01 मोबाइल फोन, डीएल, नगद रूपये आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना मोहनलालगंज

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 25.02.2025 को थाना मोहनलालगंज व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लालपुर बस स्टैण्ड़ थाना क्षेत्र निगोहा के पास हाईवे से पुरस्कार घोषित अभियुक्त वृषकेत उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना मोहनलालगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु कमिश्नरेट स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– वृषकेत उर्फ लाला निवासी ग्राम जबरौली थाना मोहनलालगंज, लखनऊ।

## जनपद बागपत/थाना बड़ौत

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 24.02.2025 को थाना बड़ौत पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मनोज को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना बड़ौत पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बागपत के विभिन्न थानों पर चोरी आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना बड़ौत पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– मनोज निवासी न्यू रामनगर बिनौली रोड़ कस्बा व थाना बड़ौत जनपद बागपत।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना निगोही

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की घटना का अनावरण**
- **लूट के 1 लाख 47 हजार रूपये नगद**
- **03 मोबाइल फोन**
- **01 चेक 20 हजार रूपये का**
- **01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 25.02.2025 को थाना निगोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बीसलरोड पर ताल गॉव जाने वाले रास्ते के मोड़ से 02 अभियुक्तों 1–जितेन्द्र कुमार उर्फ सोनू 2–धर्मदेव को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया तथा 01 बालअपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 1 लाख 47 हजार रूपये नगद, 03 मोबाइल फोन, 01 चेक 20 हजार रूपये का, 01 मोटर साइकिल बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना निगोही क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना निगोही पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना निगोही पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–जितेन्द्र कुमार उर्फ सोनू निवासी मोहल्ला कच्चा कटरा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

2–धर्मदेव निवासी मोहल्ला घेर चौवा थाना तिलहर जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी**

1–लूट के 1 लाख 47 हजार रूपये नगद

2–03 मोबाइल फोन

3–01 चेक 20 हजार रूपये का

4–01 मोटर साइकिल

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना सिहानीगेट

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 02 लाख रूपये नगद**
- **लूट की 01 दो पहिया बरामद**

दिनांक 25.02.2025 को थाना सिहानीगेट, थाना कविनगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अभियुक्त नावेद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 02 लाख रूपये नगद, लूट की 01 दो पहिया बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाश द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—नावेद निवासी कालाआम चौराहा थाना कालाआम जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1—लूट के 02 लाख रूपये नगद।

2—लूट की 01 दो पहिया।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना एका

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के माल ब्रिकी के 10 हजार 200 रूपये नगद**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 25.02.2025 को थाना एका पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर वाहन यार्ड के सामने चेकिंग के दौरान बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने

पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त वितेन्द्र घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के माल ब्रिकी के 10 हजार 200 रूपये नगद, 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 19.02.2025 को अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना एका पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मैनपुरी, फिरोजाबाद के विभिन्न थाना लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 22 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना एका पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—वितेन्द्र निवासी घडेरी थाना कोतवाली जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1—लूट के माल ब्रिकी के 10 हजार 200 रूपये नगद।

2—01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

- **जनपद बलिया/थाना नगरा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को सश्रम आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद बलिया पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बलिया द्वारा थाना नगरा पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त 1—धर्मेन्द्र उर्फ गुड्डू को धारा 302/34 भादवि व 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत सश्रम आजीवन कारावास व 25 हजार रूपये अर्थदण्ड एवं अभियुक्त 2—जितेन्द्र को धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत सश्रम आजीवन कारावास व 20 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद गोरखपुर/थाना गोला (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 16 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद गोरखपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद गोरखपुर द्वारा थाना गोला पर पंजीकृत अभियोग में धारा 307/504 भादवि व 7 सीएलए एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त सुभाष को 10 वर्ष के सश्रम कारावास व 16 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **जनपद इटावा/थाना कोतवाली (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 08 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद इटावा पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद इटावा द्वारा थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में धारा 304 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त दीपक उर्फ दीपानन्द को 08 वर्ष के सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————————